जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित


(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-38 | जयपुर, सोमवार, 9 अक्टूबर, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# मीणा समाज के जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में हुआ 800 प्रतिभाओं का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं विधानसभा क्षेत्र के डोला का बास बस स्टैंड स्थित शहीद रामकरण मीणा स्मारक पर मीणा समाज द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में करीब 800 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया । पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करने से उनका हौसला बढ़ता है और समाज की उन्नति शिक्षा से ही संभव है, इसलिए बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाएं । पूर्व विधायक सैनी का 181 फीट का साफा बंधवाकर स्वागत किया। समारोह के दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें राम ब्लड बैंक द्वारा 30 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया । रक्तदाताओं की हौसला अफजाई के लिए पानी का कैंपर, शर्ट और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए । जयपुर के शेल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और जांच शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और बीएमडी की जांच निःशुल्क की गई । इस दौरान अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर अमित मीणा, डॉक्टर निरंजन सिंह ,डॉक्टर अंकित गुप्ता ,डॉक्टर रवि कुमार, डॉक्टर सुनील कुमार ने दी। कार्यक्रम के आयोजक अध्यापक (पूर्व सरपंच) बीएल मीणा और सीएम मीणा रेलवे ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में जयपुर जिले क्षेत्र के प्रतिष्ठित व वरिष्ठ जन 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधियों, समाज के भामाशाह व समाजसेवियों का सम्मान, सरकारी व निजी क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी गण, सफल व्यवसायियों का सम्मान, राष्ट्रीय राज्य व जिला स्तरीय चयनित खिलाड़ियों का सम्मान, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों कक्षा 5 व 8 वी में ए प्लस ग्रेड कक्षा 10 व 12वी में 80त्न अंक सन् 2022 -23, गत एक वर्ष में लगे अधिकारी कर्मचारियों को मेडल, स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया । इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की ।आयोजकों ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, साफा बंधवाकर, शाल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत






किया । मंच सञ्चालन एंकर राधा मोहन और श्रीकृष्ण मीणा ने किया । कार्यक्रम सह संयोजक राजेंद्र पटवारी, डॉक्टर शिवजी राम यादव, प्रभु दयाल मीना राजस्थान पुलिस, बिहारीलाल मीणा जीआरपी रहे । सम्मान समारोह में ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव, कांग्रेस नेता डॉ.रामनारायण यादव, पीसीसी सचिव डॉक्टर शिखा मील बराला, डॉ. हनुमान बराला,डॉक्टर देशराज गढ़वाल, रूपनारायण मीणा, प्रमोद कुमार मीणा अध्यक्ष रेनवाल, डेयरी अध्यक्ष सतपाल मीणा, गुवारडी महामंत्री कालूराम फौजी, पूर्व अध्यक्ष हरिनारायण यादव, डेयरी उपाध्यक्ष रामकिशोर मेला, सुरेश मीणा मीनसेना प्रदेश अध्यक्ष, जगदीश पावटा प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति, गोपाल मीणा पूर्व पार्षद, डॉक्टर गजेंद्र सिंह हिदा, मनोज मीणा एईन, दुर्गा प्रसाद मीणा रिटायर शिक्षा अधिकारी, रामनिवास गिरदावर, राकेश मीणा वरिष्ठ अध्यापक, योगेंद्र मीना करणसर, राजेंद्र पटवारी, बिहारी लाल मीणा जीआरपी, प्रभु दयाल मीणा राजस्थान पुलिस, विकास मीणा मैनेजर, आशीष मीणा, पंकज मीणा, नंदलाल मीणा उपाध्यक्ष, कमलेश मीणा महामंत्री, जितेंद्र मीणा यूडीसी, सुल्तान राम बुनकर सरपंच, आशीष मीणा मैनेजर सहित हजारों लोगों ने शिरकत की।

# राजस्थान में होगा जाति आधारित सर्वेक्षण

## राज्य मंत्रिमंडल के निर्णय पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने जारी किया आदेश

**जयपुर (हमारा वतन)।** सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित सर्वेक्षण कराएगी। सर्वेक्षण में राज्य के समस्त नागरिकों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तर के सम्बंध में जानकारी एवं आकंड़े एकत्रित किए जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा इनका विशेष अध्ययन कराकर वर्गों के पिछड़ेपन की स्थिति में सुधार लाने के लिए विशेष कल्याणकारी उपाय और योजनाएं लागू की जाएगी। इससे सभी वर्गों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। राज्य मंत्रिमंडल के निर्णय की अनुपालना में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा द्वारा इस सम्बंध में आदेश जारी किया गया है।



सर्वेक्षण कार्य आयोजना (आर्थिक एवं सांख्यिकी) विभाग द्वारा नोडल विभाग के रूप में सम्पादित किया जाएगा। साथ ही, सभी जिला कलेक्टर सर्वेक्षण के लिए नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम, ग्राम एवं पंचायत स्तर पर विभिन्न विभागों के अधीनस्थ कार्मिकों की सेवाएं ले सकेंगे। कार्य के लिए नोडल विभाग द्वारा प्रश्नावली तैयार की जाएगी।

इसमें उन समस्त विषयों का उल्लेख होगा, जिससे प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तर की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके। सर्वेक्षण से प्राप्त सूचनाएं एवं आंकड़े ऑनलाइन फीड किए जाएंगे। इसके लिए सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा पृथक से विशेष सॉफ्टवेयर एवं मोबाइल एप बनाया जाएगा। सर्वेक्षण से प्राप्त संकलित की गई सूचनाएं विभाग सुरक्षित रखेगा।

# भुवनेश तिवाडी बने राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड की विशेषज्ञ सलाहकार समिति के स्थाई सदस्य

**चौमूं (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बनाए गए राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड का गठन किया गया था इसके द्वारा विप्र समाज के विभिन्न वर्गों की स्थिति का जायजा लेने, इन वर्गों की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा आर्थिक उन्नति एवं पिछड़ेपन को दूर करने के लिए राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड को सुझाव देने के उद्देश्य से विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा की अध्यक्षता में विशेषज्ञ सलाहकार समिति का गठन किया गया था। इसमें अभिवृद्धि करते हुए चौमूं नगर परिषद के अशोक विहार निवासी भुवनेश तिवाडी को विशेषज्ञ सलाहकार समिति में स्थाई सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया हैं । यह आदेश सचिव अश्विनी कुमार शर्मा द्वारा जारी किए गए है । विप्र कल्याण बोर्ड की विशेषज्ञ सलाहकार समिति के स्थाई सदस्य बनने पर भुवनेश तिवाडी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है । गौरतलब है कि भुवनेश तिवाडी ब्राह्मण समाज राजस्थान के जिलाध्यक्ष रहते हुए समाज के विकास को हमेशा तत्पर रहते हैं, साथ ही विराज फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में निरंतर समाज को नई दशा और दिशा देने का काम कर रहे हैं ।





# भारतीय खादी ग्रामोद्योग मजदूर संघ की मीटिंग का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** भारतीय खादी ग्रामोद्योग मजदूर संघ व भारतीय मजदूर संघ यूनियन की मीटिंग गवर्नमेंट हॉस्टल पुलिस आयुक्तालय जयपुर के सामने रखी गई । जिसमें पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से चुना गया । इस दौरान मुख्य संरक्षक नवलपुरी गोस्वामी, अध्यक्ष पद पर गोविंद कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष पद पर रामधन माली, मंत्री पद पर सुनील कुमार यादव, महामंत्री कन्हैया लाल यादव, कोषाध्यक्ष हरि नारायण बागड़ा, सहायक मंत्री शंकर लाल यादव, संगठन मंत्री परमेंद्र कपासन तथा कार्यालय मंत्री नकुल कुमार शर्मा को चुना गया ।



लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# जीआईसी बिझौली में अहिंसा दिवस के रूप में मनाई गांधी जयंती

**रुड़की (हमारा वतन)।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अहिंसा दिवस के रूप में मनाई गई । इस दौरान सीनियर सिटीजन का भी सम्मान किया गया । साथ ही छात्रों, ग्रामीणों को स्वच्छता, पॉलिथीन उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण का भी महत्व समझाया गया । रैली निकालकर ग्रामीणों को पालिथीन उन्मूलन और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर हुई। शिक्षकों, छात्रों ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और दोनों के जीवन पर प्रकाश डाला। पर्यावरण मित्र शिक्षक अशोक पाल ने छात्रों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन के विषय में बताते हुए कहा कि हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के संघर्ष की बदौलत ही आजादी मिल सकी है । राष्ट्रपिता ने ही पहली बार अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत की थी, जो




बाद में धीरे-धीरे कर एक चिंगारी बन गया और पूरे देश में फैल गया। राष्ट्रपिता ने हमें न केवल फिरंगियों से आजादी दिलाई बल्कि हमें सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का भी संदेश दिया। आज हम आजाद भारत में सांस ले पा रहे हैं तो यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के अमर शहीदों की ही देन है । उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी देश की आजादी और देश के विकास में बड़ा योगदान दिया । जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। अशोक पाल ने सभी को स्वच्छता और पालिथीन उन्मूलन की उन्मूलन की शपथ दिलाई साथ ही सभी को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया । कहा कि हम अपनी प्रकृति के प्रति जिम्मेदार होंगे तो प्रकृति भी हमें बचाए रखेगी । इस अवसर पर कार्यक्रम में छात्र अबुजर, हारिश, खालिद, अरमान, नावेद, नवाजिश, सईद, ग्रामीण नसीम तथा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे ।

# चौमूं की बेटी अंजली गौरा का हुआ राजस्थान अंडर 19 क्रिकेट टीम में चयन

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर की एक बेटी ने अपने माता-पिता का ही नहीं सम्पूर्ण क्षेत्र का नाम रोशन किया है । जी हां ! शहर के दूल्हा सिंह की ढाणी निवासी अंजली गौरा का राजस्थान अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन हुआ है । अंजली के कोच और पिता एन आर गौर ने बताया कि अंजली इससे पहले भी दो बार स्टेट लेवल पर क्रिकेट मैच खेल चुकी है जिसमें अंजली मैच वीनर रही और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्ले ऑफ टूर्नामेंट भी रही। स्टेट मैच के दौरान अंजली ने ऑलराउंडर की भूमिका निभाई । अंजली गौरा ने बातचीत के दौरान बताया कि उनके पिताजी एन आर गौरा पिता के साथ मेरे कोच भी हैं । वह भी स्टेट लेवल पर क्रिकेट खेल चुके हैं । उनका सपना था कि वह भी राजस्थान की टीम में खेले।उन्होंने अपने सपने को पूरा करने के लिए मुझे क्रिकेट की बारीकियाँ सिखाई और मुझे इस मुकाम पर पहुंचाया। मैं लगातार एनसीसी क्रिकेट एकेडमी में 4 से 5 घंटे लगातार प्रैक्टिस करती हूं और 12वीं आर्ट की स्टूडेंट भी हूँ ।अपनी बेटी के सपनों को पूरा करने के लिए एन आर गौरा ने घर पर ही एनसीसी क्रिकेट एकेडमी की शुरुआत कर डाली । आज उसमें करीब 50 से भी ज्यादा खिलाड़ी ट्रेनिंग ले रहे हैं । एन आर गौरा नेकहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मेरी बेटी राज्य स्तर पर नाम रोशन कर रही है। अंजली 8 अक्टूबर से हरियाणा में आयोजित होने वाली राजस्थान अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होगी। राजस्थान अंडर-19 क्रिकेट टीम में ज्वाइन होने पर खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि ,समाजसेवियों ने बधाइयां प्रेषित की हैं ।





# अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2023 से हुए सम्मानित

**मुंबई (हमारा वतन)।** मुंबई में स्थित मयूर हाल, बीएमडब्ल्यू के शोरूम के पास अंधेरी वेस्ट में गांधी जयंती पर फाउंडेशन केसीएफ के संस्थापक डॉ. कृष्णा चौहान द्वारा मुम्बई में महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2023 का भव्य आयोजन किया गया । राजस्थान की राजधानी जयपुर के चौमूं से तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य का भव्य सम्मान हुआ । ज्योतिष क्षेत्र में सटीक भविष्यवाणी करने पर आचार्य को महात्मा गांधी रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया । सम्मान समारोह में उपस्थित बॉलीवुड के सितारे, पदम श्री उदित नारायण, धीरज कुमार- एक्टर, डायरेक्टर, दिलीप सैन - संगीत निर्देशक, अमिताभ बच्चन के मेकअप आर्टिस्ट दीपक सावंत, ACP- संजय पाटील, एक्टर- अली खान, ACP Railway- बाजीराव महाजन ने महात्मा गांधी रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि आचार्य को मुंबई में पहले भी दादा साहब फाल्के आइकन अवार्ड, ईफ्टा अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है ।

आचार्य ने काफी बॉलीवुड सितारों की भविष्यवाणी की है जो सत्य साबित हुई है, कई उद्योगपति, फिल्म स्टार, क्रिकेटर, राजनीतिक आचार्य से परामर्श लेते हैं । डॉ . कृष्णा चौहान फाउंडेशन केसीएफ के संस्थापक ने आचार्य का आभार व्यक्त किया ।

# पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी के सानिध्य में किया वृक्षारोपण

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** टिहरी जनपद के जौनपुर नैनबाग ललूट पट्टी बिष्टोंसी जिला पंचायत सदस्य के उप चुनाव में बतौर पीठासीन अधिकारी पहुंचे पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय खड़कसारी परिसर में अपने टीम के साथ बोटलब्रास के पौधा का रोपण किया।



वृक्षमित्र डॉ सोनी ने कहा इस विद्यालय में जिला पंचायत सदस्य के उप चुनाव संपन्न कराने के लिए मुझे पीठासीन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है मैं जहां भी जाता हूं चाहे चुनाव हो या कोई अन्य कार्य वहां लगाने व उपहार में देने के लिए स्वयं अपने खर्चे से पौधों को ले जाता हूं यहां भी मेने वही किया जो में हर चुनाव में करते आ रहा हूं । मेरा चुनावी ड्यूटी का सफर 1999 से शुरू हुआ और द्वितीय, प्रथम अब पीठासीन अधिकारी के दायित्वों का निर्वाहन करता हूं। निर्वाचन अधिकारी ने जो बूथ मुझे दिया वहां पर पौधों का रोपण मैंने किया यहां भी मैंने अपने मतदान पार्टी के साथ पौधों का रोपण किया और स्कूल के प्रधानाध्यापिका स्वाति मेंदोलिया को एक पौधा उपहार में भेंट किया। स्वाति मेंदोलिया ने कहा अपने जीवन में मेने पहली बार किसी पीठासीन अधिकारी को देखा होगा

जो अपने साथ पौधे लाकर अपने मतदान बूथ पर लगता हैं। डॉ सोनी ने हमारे विद्यालय परिसर में अपने मतदान पार्टी के साथ जिन पौधा का रोपण किया उनकी जीवित रखनी की पूर्ण जिम्मेदारी में लेती हूं और वृक्षमित्र के नाम से मशहूर डॉ सोनी को बधाई देती हूं उन्होंने हमारे विद्यालय में पौधारोपण किया। पौधारोपण में अजय भंडारी प्रथम मतदान अधिकारी, अतुलमणि त्रिपाठी द्वितीय मतदान अधिकारी, आशीष भंडारी तृतीय मतदान अधिकारी, अंकुर पुलिस कर्मी, विनोद लाल होमगार्ड, विपिन रावत, महिपाल सिंह, झबर सिंह, राजीव असवाल आदि रहे ।

# मोद्रिता सोशल वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा चौमूं में आयोजित हुए अनेक कार्यक्रम

**जयपुर (हमारा वतन)।** गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में मोद्रिता सोशल वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा चौमूं में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। फाउण्डेशन के निदेशक मोना यादव व तरुण यादव ने बताया कि प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक राजकीय माहेश्वरी उ. मा. विद्यालय में गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे गांधी जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया, साथ ही विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। फाउण्डेशन की निदेशक मोना यादव द्वारा सभी विद्यार्थियों को गुडटच - बैडटच के बारे में व्याख्यान दिया गया, साथ ही उनके द्वारा यह भी घोषणा की गई कि जो



विद्यार्थी सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करेंगे उन सबको फाउण्डेशन की ओर से साईकिल उपहार स्वरूप दी जाएगी। तत्पश्चात मोद्रिता सोशल वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा 10 बजे से 2 बजे तक चौमूं बस स्टेण्ड स्थित इन्दिरा रसोई में लोगों को निः शुल्क भोजन का वितरण किया गया तथा रावण गेट, थाना मोड़, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड व मोरिजा रोड़ आदि इलाकों में भोजन के पैकेट वितरित किए गए। मोद्रिता सोशल वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा शुरू की गई यह पहल अत्यंत सराहनीय है।


# सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया बने जयपुर ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**जयपुर (हमारा वतन)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग नई दिल्ली के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पी.एस. पुनिया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री एवं परिषद के संरक्षक डॉ. थावरचंद गहलोत तथा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया की सहमति से राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश मीणा ने चौमूं तहसील के ग्राम टांकरडा निवासी सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया पुत्र भंवरलाल हरसोलिया को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद जयपुर ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। हरसोलिया इससे पूर्व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद जयपुर के जिला महासचिव पद पर रह चुके है तथा वर्तमान में बलाई विकास समिति जयपुर ( मुख्यालय- चौमूं ) के उप महासचिव एवं मानव जन जागृति संस्थान राजस्थान के जिला मीडिया प्रभारी के पद पर कार्य कर रहे हैं ।



## जॉब्स

1. उत्तर प्रदेश सबोर्डिनेट सर्विस सिलेक्शन कमिशन, पद फॉरेस्ट गार्ड, वाइल्ड लाइफ गार्ड, पद संख्या 709, अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2023
2. आरपीएससी, पद स्टैटिकल ऑफिसर, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 14 अक्टूबर 2023
3. बिहार पुलिस, पद सब इंस्पेक्टर, पद संख्या 1275, अंतिम तिथि 5 नवंबर 2023
4. ईएसआईसी, पद विभिन्न पैरामेडिकल पोस्ट, पद संख्या 1035, अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023
5. नेशनल हाउसिंग बैंक, पद असिस्टेंट मैनेजर व अन्य, पद संख्या 43, अंतिम तिथि 18 अक्टूबर 2023
6. यूपीपीएससी, पद विभिन्न, पद संख्या 84, अंतिम तिथि 26 अक्टूबर 2023
7. ईस्टर्न रेलवे कोलकाता, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 3115, अंतिम तिथि 26 अक्टूबर 2023
8. एमपीपीएससी, पद स्टेट सर्विस, पद संख्या 227, अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2023


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार
गांधी
जयंती
की शुभकामनाएं
राजस्थान संवाद
राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी
को शत-शत नमन
राजस्थान में
गांधी जी के आदर्शों को
आत्मसात करते हुए अंतिम व्यक्ति तक
सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए
दिया जा रहा है
जन सम्मान
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# कमजोर होते शी से क्या दुनिया को है खतरा



राम गोपाल सैनी

चीनी नेतृत्व की तुलना कुछ जानकार बत्तखों की कतार से करते हैं, जो लगातार तैरते रहने के बावजूद शायद ही कभी लहर पैदा कर पाती है। लेकिन इधर चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू और उनके करीबी लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोपों ने जरूर कम्युनिस्ट पार्टी के आम कैडर के बीच लहर पैदा की है। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब चीन के विदेश मंत्री किन गांग के रहस्यमय ढंग से लापता होने और वहां की सेना पीपल्स लिबरेशन आर्मी के रॉकेट फोर्स (जिसे देश के परमाणु भंडार की देखरेख का जिम्मा मिला हुआ है) में सर्वोच्च स्तर पर चले भ्रष्टाचार विरोधी सफाई अभियान की चर्चा थमी नहीं है।चीन के शीर्ष नेताओं के इस तरह लापता होने की घटनाएं कई असुविधाजनक सवाल खड़े कर रही है।20वीं पार्टी कांग्रेस में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने PLA के तेज आधुनिकीकरण की बात कही थी। लेकिन अचानक फोकस सैनिकों से हटकर PLA के हथियारों की क्वॉलिटी पर आ गया। पिछले साल से चीन ने ताइवान क्षेत्र में सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। PLA के ये बदलते पैंतरे क्या उसकी किसी कमजोरी की ओर संकेत करते हैं? और, अगर ऐसा है तो क्या हमें निकट भविष्य में ही कोई बड़ा मिलिटरी गेमप्लान देखने को मिल सकता है? कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपल्स डेली में छपी रिपोर्ट के मुताबिक एक निगरानी टीम ने रॉकेट फोर्स में गड़बड़ियां पाईं। इसके साथ ही सेंट्रल मिलिटरी कमिशन का वह आकलन भी आया, जो PLA के हथियारों की क्वॉलिटी में सुधार की जरूरत बता रहा था। यह CMC की हथियार डिविजन से जुड़े ली शांगफू पर सवाल था।ऐसे में अगर मान लिया जाए कि ली को हटाए जाने की असल वजह खराब रक्षा साजोसामान हैं तो PLA को आधुनिक बनाने के लिए राष्ट्रपति शी चिनफिंग के उन लंबे प्रयासों पर भी सवाल उठते हैं, जिनका चीन में ढिंढोरा पीटा जा रहा था। चीन के सरकारी मीडिया में यह धारणा बनाई जाती रही है कि पिछले नेतृत्व के दौरान सेना कई तरह के खतरों से घिरी थी और राष्ट्रपति शी ने भ्रष्ट जनरलों से मुक्त करके PLA को एक तरह से दोबारा खड़ा किया है। यानी शी के पहले के शासकों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करते हुए सशस्त्र बलों में गिरावट आने दी।लेकिन राष्ट्रपति शी के आने के कुछ ही समय बाद CMC में सफाई का अभियान चला था और कई सैन्य अधिकारियों को जाना पड़ा। आरोप था कि ये लोग सशस्त्र बलों में फायदे लेकर प्रमोशन देने के रैकेट के लिए जिम्मेदार थे। बड़े-बड़े लोगों के इस घेरे में आने से साफ था कि रिश्वत देकर ऊंचा पद हासिल करने का चलन चीनी सेना में पैठ बना चुका था, जिससे दुनिया की इस सबसे बड़ी सेना की छवि पर सवालिया निशान लग गया था। 2022 में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने पदाधिकारियों के परिजनों के बिजनेस इंटरेस्ट के मद्देनजर नैतिकता के कुछ मानक तय किए थे। मकसद था कि अपने फायदे के लिए पदाधिकारी पार्टी के प्रभाव का इस्तेमाल न कर सकें। शी ने कहा था कि हालांकि चीन भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में एक शानदार जीत की दहलीज पर खड़ा है, लेकिन चुनौतियों से निपटने के लिए और भी प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि वक्त की जरूरत है यह सुनिश्चित किया जाए कि पदाधिकारी भ्रष्टाचार के जाल में किसी सूरत में न फंसें। उनमें ऐसा करने की न हिम्मत हो, न क्षमता हो और न ही इच्छा हो। ऐसे में क्या रक्षा मंत्री शांगफू को राष्ट्रपति शी के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान की नाकामी का सबूत नहीं माना जाना जाएगा? आखिर उनका उदाहरण यही तो बताता है कि एक बड़ी मछली सारे घोटाले करते हुए भी इतने लंबे समय तक बची रही। वैसे, हालिया घटनाओं से जो सबूत सामने आए हैं, उनके एक और संभावना बनती है। 2012 की पार्टी कांग्रेस से कुछ पहले यह बात सामने आई कि ब्रिटिश बिजनेसमैन नील हेवुड की हत्या में पोलित ब्यूरो मेंबर बो शीलाई की पत्नी गु कैलाई का हाथ था। मीडिया रिपोर्टों में हेवुड को ब्रिटिश इंटेलिजेंस से जोड़ा गया था। हालांकि ब्रिटिश सरकार ने इससे इनकार किया था।

# लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट्स ने निकाला गांधी जयंती पर लायंस विश्व शांति मार्च

**जयपुर (हमारा वतन)।** लायंस इंटरनेशनल जिला 3233 ई1 द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह पंचानन के पहले दिन आज लायंस विश्व शांति मार्च निकाला गया । यह शांति मार्च स्टैच्यु सर्किल से शुरू होकर विधानसभा स्थित अमर जवान ज्योति पर समाप्त हुआ ।



शांति मार्च में 350 से ज्यादा विभिन्न स्कूलों के स्टूडेंट्स ने भाग लिया । साथ ही विभिन्न क्लबों के 400 से अधिक सदस्यों ने शांति मार्च में हिस्सा लिया । रैली के संयोजक रीजन चेयरपर्सन लायन विकास खटोड ने संबोधित करते हुए कहा कि देश में शांति बहुत जरूरी है और शांति का संदेश देने के लिए ही आज गांधी जयंती के अवसर पर शांति मार्च निकाला गया । शांति मार्च में लायंस क्लब जयपुर सेंट्रल स्पाइन, प्लैटिनम, दाना शिवम, शास्त्री नगर, सुप्रीम, प्लस ,समर्पण, आदर्श नगर, डायमंड, मधुरम, हेरिटेज, एंजेल, रूबी, हवामहल, कैपिटल, मेट्रो, टाइम स्क्वेयर, अनमोल, स्पार्कल, मैत्री आदि ने भाग लिया।

इस दौरान प्रांतपाल लायन ओपी गग्गड, पूर्व प्रांत पाल प्रभा सिन्धी, आलोक अग्रवाल, समर जैन, रोशन शेट्टी, कार्यक्रम संयोजक विकास खटोड, समाजसेवी बसंत जलेवा, डॉ.नरेन्द्र जोशी आदि उपस्थित रहे ।

**1125.2 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यो का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण**

# मुख्यमंत्री ने कल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाकर आमजन को लाभांवित किया है: टीकाराम जूली

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने अलवर जिले के अशोक सर्किल (नंगली सर्किल) एवं हनुमान सर्किल पर राष्ट्र ध्वज तिरंगे को फहराते हुए राष्ट्रगान गायन किया तथा अलवर शहर में 1125.2 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अलवर जिला विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है जिससे अलवर शहर सहित सम्पूर्ण जिले का कायाकल्प हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अलवर जिले को नगर निगम बनाने के साथ-साथ अनेकों सौगातें दी है जिससे अलवर की जनता में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के कल्याण की सकारात्मक सोच के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विकास कार्यों के साथ-साथ कल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाकर आमजन को लाभांवित किया है। इस अवसर पर उन्होंने शहर में सफाई व्यवस्था के लिए तीन रोड स्वीपर आधुनिक मशीनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिससे शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में मदद मिलेगी।

जूली एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह ने नेहरू गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में अलवर शहर में 1125.2 लाख रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।




# विपक्ष की आवाज दबाने के लिए ईडी, सीबीआई का हो रहा दुरुपयोग: पायलट

टोंक। टोंक. पूर्व डिप्टी सीएम व टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि देश में चाहे ईडी हो या इनकम टैक्स विभाग इन सभी सरकारी एजेंसियों का विपक्षी दलों की आवाज को दबाने के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। पिछले 5-7 सालों में ईडी की कार्रवाई 95 प्रतिशत उन लोगों के खिलाफ हुई,जो केंद्र सरकार के विरोध में थे। जनता यह सब देख रही है कि कार्रवाई कितनी जायज है और कितनी नाजायज। उन्होंने कहा कि चुनाव से ठीक पहले ऐसी कार्रवाई होती है जो केन्द्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाते है। पायलट ने टोंक सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में ये बात कही। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है, जनता 2024 में सबक सिखाएगी।

उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस पार्टी को पांचों राज्यों में जिताएगी।

**लिफ्ट एवं अन्य कार्यों का लोकार्पण** –पायलट ने गुरुवार को जिला न्यायालय परिसर में लिफ्ट, अल्पसंख्यक बालक छात्रावास, सावित्री बाई फुले बालिका छात्रावास सहित कई निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। जिला न्यायाधीश अयूब खान, अन्य न्यायाधीश व जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा भी थे। इससे पहले पायलट ने सर्किट हाउस में समस्याओं की सुनवाई की। तत्पश्चात बनास नदी गहलोद हाई ब्रिज, नगर परिषद टोंक की तरफ से नवनिर्मित शहीद स्मारक, मेडिकल कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा